**Series A6BAB/C**

**Set No. 3**

**प्रश्न-पत्र कोड 29/6/3**

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **9** प्रश्न पूछे गए हैं तथा यह दो खण्डों (क और ख) में विभाजित है ।*

*(iii)* *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड क

## (कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन) 20

**1.** निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी ***एक*** शीर्षक पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *1×5=5*

(क) धरती का बढ़ता तापमान

(ख) अपना अनुशासन स्वयं

(ग) खेल के मैदान में जब हम विपक्षी टीम से चार रन पीछे थे

**2.** (क) आपका नाम अभिराम/रमणी है । क. ख. ग. बैंक में आपका बचत खाता है । उसी बैंक का आपका क्रेडिट कार्ड कहीं खो गया है । अपने बैंक खाते से किसी के द्वारा नकद निकासी या खरीददारी की निकासी पर रोक लगाने के लिए बैंक के प्रबंधक को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) महामारी के समय चिकित्साकर्मियों द्वारा स्वयं संकट झेलकर और परिवार की उपेक्षा कर जो समाज सेवा का प्रशंसनीय कार्य किया गया उसकी प्रशंसा करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए :

(i) (क) 'द्वंद्व' से आप क्या समझते हैं ? कथानक के बुनियादी तत्त्वों में 'द्वंद्व' का महत्त्व बहुत अधिक क्यों होता है ? उदाहरण सहित समझाइए । *3*

**अथवा**

(ख) कहानी में कहानीकार संवादों को क्यों जोड़ता है ? यह भी लिखिए कि संवाद कैसे होने चाहिए, कोई एक बिंदु लिखिए । *3*

(ii) (क) प्राचीन काल में मौखिक कहानियों की लोकप्रियता के क्या कारण थे ? दो कारण लिखिए । *2*

**अथवा**

(ख) नाटक को 'दृश्य काव्य' की संज्ञा क्यों दी गई है ? नाटक के मंच निर्देश हमेशा वर्तमान काल में ही क्यों लिए जाते हैं ? *2*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए :

(i) (क) विशेष रिपोर्ट किसे कहते हैं ? इसे किस शैली में लिखा जाता है और इसकी भाषा कैसी होनी चाहिए ? *3*

**अथवा**

(ख) फ़ीचर लेखन में किन तीन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? *3*

(ii) (क) अच्छे लेखन की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) उलटा पिरामिड शैली के समाचार-लेखन की मानक शैली बनने के दो कारण लिखिए । *2*

## खण्ड ख

## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 20

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में निहित काव्य-सौन्दर्य लिखिए : *3*

सौर सुपेती आवै जूड़ी । जानहुँ सेज हिवंचल बूढ़ी ।।
चकई निसि बिछुरैं दिन मिला । हौं निसि बासर बिरह कोकिला ।।

(ख) निम्नलिखित काव्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए : *3*

धरनी धरि धनि कत बेरि बइसइ, पुनि तहि उठइ न पारा ।
कातर दिठि करि, चौदिस हेरि-हेरि, नयन गरए जल-धारा ।।

(ग) जायसी कृत 'बारहमासा' के आधार पर बताइए कि वृक्षों से पत्तियाँ तथा वनों से ढाँखें किस माह में गिरते हैं । इससे विरहिणी का क्या संबंध है ? *3*

**6.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *1×2=2*

(क) 'भरत-राम का प्रेम' प्रसंग के आधार पर राम के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

(ख) फागुन मास में रानी नागमती की विरह वेदना का संक्षिप्त वर्णन 'बारहमासा' के आधार पर कीजिए । *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'पहचान' लघुकथा के आधार पर बताइए कि जनता यदि राज्य की स्थिति की ओर से आँख बंद कर ले तो उसका राज्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा । *3*

(ख) सिंगरौली में विद्युत ताप परियोजना का काम शुरू किए जाने पर लेखक को क्षोभ क्यों हुआ ? *3*

(ग) 'दूसरा देवदास' कहानी के आधार पर बताइए कि पारो के साथ हुई छोटी-सी मुलाकात ने संभव के मन में क्या हलचल उत्पन्न कर दी और क्यों ? *3*

**8.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *1×2=2*

(क) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर लिखिए कि अंधाधुंध विकास और पर्यावरण संबंधी सुरक्षा के बीच संतुलन से क्या लाभ हो सकता है । *2*

(ख) 'साझा' लघुकथा के माध्यम से लेखक ने किनका पर्दाफ़ाश किया है और क्यों ? *2*

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'गरमी में कभी-कभी लू लगने की घटनाएँ सुनाई पड़ती ।' माँ लू से बचने के लिए धोती या कमीज से गाँठ लगाकर प्याज बाँध देतीं । लू लगने की दवा थी कच्चे आम का पन्ना । भूनकर गुड़ या चीनी में उसका शरबत पीना, देह में लेपना, नहाना । कच्चे आम को भून या उबालकर उससे सिर धोते थे ।

'बिस्कोहर की माटी' पाठ में ग्रामीण जीवन में प्रकृति से प्राप्त उपादानों से बीमारियों के रोकथाम की बात कही गई है । आप भी यदा-कदा इन नुस्खों का प्रयोग अवश्य करते होंगे इस संबंध में अपने अनुभवों का उल्लेख कीजिए । *2*

(ख) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर गाँव में हुई बरसात का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । *2*

(ग) औद्योगिक विकास के युग में आज हमारी नदियाँ गंदे नाले के रूप में क्यों और कैसे बदलती जा रही हैं ? 'अपना मालवा — खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के संदर्भ में लिखिए । *2*



collegedunia India's largest Student Review Platform